17/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में आज मलावी पहुंच गई हैं। किसी भारतीय राष्ट्रपति की मलावी की यह पहली यात्रा है। मलावी पहुंचने पर राष्ट्रपति का भव्य और पारंपरिक स्वागत किया गया।   राष्ट्रपति कल मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी और प्रतिनिधिमंडल बातचीत भी करेंगी। राष्ट्रपति मलावी में देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें और भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेंगी।

00000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाषा, साहित्य, कला और आध्यात्मिकता जैसे सांस्कृतिक स्तंभ किसी भी देश की पहचान बनाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज जब देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, उसकी जड़ें आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और स्वाभिमान से गहरी जुड़ी हुई हैं। आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का उल्लेख किया। अभिधम्म दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी को और विशेष रूप से भगवान बुद्ध के अनुयायियों को शुभकामनाएं दीं।

00000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने चार-एक के बहुमत के निर्णय में असम में अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध रूप से रह रहे शरणार्थियों की समस्या का राजनीतिक समाधान है। न्यायाधीश सूर्या कांत, एम. एम. सुंदरेश और मनोज मिश्रा ने अपने फैसले में कहा कि संसद के पास इस प्रावधान को लागू करने की विधायी क्षमता थी। धारा 6ए को असम समझौते के बाद 1985 में नागरिकता अधिनियम में जोड़ा गया था।

0000000000000000

सरकार ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में डिजिटल इंडिया नवाचार क्षेत्र पर एक मंडप की स्थापना की है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि इस मंडप का उद्देश्य डिजिलॉकर, उमंग, आधार, यूपीआई, ई-संजीवनी, ओएनडीसी और डिजिटल इंडिया भाषिणी जैसे विभिन्न डिजिटल जन अवसंरचनाओं पर प्रतिनिधियों को प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान कराना है। एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग और रिसर्च सोसायटी के महानिदेशक डॉ पी. हनुमंत राव ने कहा कि इस मंडप में डेटा का प्रसारण करने के लिए आईआईटी मद्रास, आईआईटी गुवाहाटी और आईआईटी पटना के सहयोग से विकसित पहले टेराहर्ट्ज वायरलेस लिंक का प्रदर्शन किया जा रहा है।

0000000000000000

रेलवे प्रवक्ता के अनुसार असम के दिबालंग स्टेशन पर आज शाम चार बजे अगरतला लोकमान्य तिलक टार्मिनस एक्सप्रेस के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पुष्टि की है कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है और सभी यात्री सुरक्षित है।

00000000000000000

उज्बेकिस्तान के ताशकेंत में आयोजित आठवीं सीनियर एशियाई पेनकक सिलाट चैंपियनशिप दो हजार चौबीस में अरुणाचल प्रदेश के तीन पेनकक सिलाट एथलीटों ने कांस्य पदक जीता। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा अकु, मेता पाओ और दमसोप तुंगी को आठवीं सीनियर एशियाई पेनकक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर राज्य और देश को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी।

00000000000000000

भारतीय सेना दारा आयोजित बासठवां वालोंग दिवस आज से शुरू होकर अगले महीने की चौदह तारीख तक चलेगा। यह दिवस राष्ट्र के पूर्वी क्षेत्र के उन महान नायकों के अदम्य जजबा, बलिदान और साहस के सम्मान में मनाया जा रहा है। इस वर्ष यह स्मरणोत्सव स्थानीय समुदायों को शामिल कर और शहीद नायक की स्मृति को सम्मानित करते हुए एक जीवंत गतिविधियों के साथ मनाया जाएगा।

00000000000000000

राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री वांगकी लोवांग ने जानकारी देते हुए कहा कि नवीनतम सर्वेक्षण में छत्तीस हिम तेंदुओ के पाए जाने से अरुणाचल प्रदेश हिम तेंदुओं का घर बन गया है। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने डब्लू डब्लू एफ इंडिया के सहयोग से अरुणाचल प्रदेश में पहली बार राज्यव्यापी हिम तेंदुओं की आबादी का आकलन पूरा किया है। भारत में हिम तेंदुआ जम्मु-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख़ उत्तराखंड और पश्चिमी हिमालय के हिमाचल प्रदेश के अलावा पूर्वी हिमालय के अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में पाया जाता है।

0000000000000000

डॉन बॉस्को स्कूल के प्रिंसिपल फादर जोशुआ ने कहा कि मानव जाति का सबसे पहला और बड़ा दुश्मन 'ग्लोबल वार्मिंग' है और प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देना चाहिए। ये बात फादर जोशुआ ने आज जुलांग स्थित डॉन बॉस्को स्कूल में डॉन बॉस्को ग्लोबल यूथ फेस्टिवल की तीसरे संस्करण का उद्‌घाटन करते हुए कहा। छात्रों से मिले सकारात्मक प्रतिक्रिया पर खुशी जाहिर करते हुए फादर जोशुआ ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवा मन में पर्यावरण के प्रति जागरुकता पैदा करना और उन्हें भविष्य में फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला में वरिष्ठ फिल्म निर्माता बिंदिया एते नालो ने फिल्मों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरुकता पैदा करने के महत्व पर जोर दिया। इस वर्ष के महोत्सव का विषय है " I Have A Dream -Youth and Climate change" कार्यशाला में आज चयनित एक सौ बीस फिल्मों में से ग्यारह का प्रदर्शन किया गया।

0000000000000000

आकाशवाणी ईटानगर की क्षेत्रीय समाचार इकाई राज्य के प्रत्येक जिले से एक पार्ट टाईम संवाददाता (पीटीसी) के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहे है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आठ नवबंर दो हजार चौबीस होगी। इच्छुक उम्मीदवार www.newsonair.gov.in पर 'वेकैंसीज' की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

00000000000000000